हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, रविवार, 28 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 37.5 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

13 पंचायती जमीन खाली कराने पर जोर, दो गांवों में खाली कराए अवैध कब्जे



14 वैकल्पिक तौर पर बंद किया रोड, ट्रैफिक का दबाव हुआ कम, इसके बावजूद नहीं हटे अवरोधक



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे के बाद फरार आरोपी काबू
**कोसली।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 11 सितंबर को हुए हादसे के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने परतापुर निवासी रोहतास को इस मामले में गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में 22 अगस्त को हुए हादसे में दर्ज केस में राजस्थान के दुधवा निवासी संदीप को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी गिरफ्तार
**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने गत 24 सितंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने मुकुंदपुर बसई निवासी धर्मबीर को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### टूटी सड़क से हादसे होने की आशंका
**डहीना।** निमोठ से कपूरी गांव को जाने वाली टूटी सड़क से हादसों की आशंका बनी हुई है। दोनों गांवों के लोगों ने बताया कि यह रोड टूटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके है। इसका निर्माण कनीना मार्केट कमेटी की ओर से कराया गया था, परंतु रेवाड़ी जिले की सीमा में सड़क का बड़ा हिस्सा होने के कारण इसकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। रेवाड़ी मार्केट कमेटी के अधिकारी इसे कनीना कमेटी की सड़क बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने इन सड़कों की तुरंत मरम्मत कराने की मांग की है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार
**बावल।** थाना बावल पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में 25 सितंबर को हुए हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। इस हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी चालक की तलाश शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के बड़ा गांव निवासी तुलसीराम को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बिजली गुल रहने से ग्रामीण परेशान
**बावल।** क्षेत्र के गांवों में बिजली के अघोषित कटों ने लोगों को परेशान किया हुआ है। हरचंदपुर निवासी दिनेश, मयंक, पाटिल, अजीत व सुनील आदि ने बताया कि रात के समय गांव में बिजली गुल हो जाती है। इसके बाद घंटों बिजली नहीं आती। गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को बिजली के बना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने निगम अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है। लोग कई दिनों से बिजली की समस्या का सामना कर रहे हैं।

### मारपीट मामलों में पांच आरोपी गिरफ्तार
**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में एक नाबालिग व युवती सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जौनावास में हुई मारपीट के बाद पुलिस ने 24 दिसंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद गांव निवासी राहुल, सुनील और देवेंद्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कसोला के एक गांव में मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है, जबकि इसी मामले में एक युवती को काबू किया गया है। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।



*निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास कर रहे ग्रामीण, विरोध के बावजूद निर्माण कार्य करवाया शुरू*

# एनएच पर बदला ओवरब्रिज का स्थान, दुकानदारों ने जताया भारी रोष, पुलिस की मौजूदगी में काम शुरू

**प्रशासन ने राजनीतिक दबाव के चलते स्थान बदला , जिसका ग्रामीण हर स्तर पर विरोध करने के लिए तैयार**

**खेड़ा बॉर्डर के आसपास नेशनल हाइवे के एक हिस्से से दूसरे हिस्से की ओर जाने के लिए लोगों को रोड क्रॉस करना पड़ता है। इस हाइवे पर वाहनों की संख्या व रफ्तार अधिक होने के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी/बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर के निकट फुट ओवरब्रिज का निर्माण शुरू कराने के साथ ही विरोध भी शुरू हो गया। आसपास के दुकानदार व ग्रामीण फुट ओवरब्रिज की जगह बदलने का विरोध कर रहे हैं, परंतु एनएचएआई की ओर से पुलिस मदद के सहारे निर्माण शुरू कर दिया है। दुकानदार व ग्रामीण ओवरब्रिज का निर्माण रुकवाने के लिए लामबद्ध होने शुरू हो गए हैं। खेड़ा बॉर्डर के आसपास नेशनल हाइवे के एक हिस्से से दूसरे हिस्से की ओर जाने के लिए लोगों को रोड क्रॉस करना पड़ता है। इस हाइवे पर वाहनों की संख्या व रफ्तार अधिक होने के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। कई बार सड़क पार करते समय लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। बॉर्डर के पास लोगों को सुविधाजनक और सुरक्षित तरीके से रोड क्रॉस कराने के लिए फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया था। एनएचएआई ने इसके लिए 12 करोड़ का बजट पास किया था। फुट ओवरब्रिज बनवाने के लिए एनएचएआई ने खेड़ा बॉर्डर से कुछ दूर 104 किमी माइल स्टोन पर स्थान चिन्हित किया था, परंतु वहां के लोगों ने उस स्थान पर फुट ओवरब्रिज बनाने का विरोध किया था। चूंकि बॉर्डर के आसपास फुट ओवरब्रिज का निर्माण बड़ी आवश्यकता बना हुआ है, विरोध को देखते हुए एनएचएआई ने जिला प्रशासन को पत्र लिखा था। प्रशासन की ओर से एनएचएआई को दूसरी जगह की सिफारिश की थी।



रेवाड़ी। नेशनल हाइवे पर शुरू हुआ निर्माण व मौके पर पहुंची पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### निर्धारित स्थान पर ही हो पुल का निर्माण
इसके बाद एनएचएआई ने चेतन्या कंपनी को ओवरब्रिज बनाने का टेंडर दिया था। कंपनी की ओर से निर्माण शुरू करने के साथ ही ग्रामीणों और दुकानदारों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। दुकानदार धर्मपाल, महेश, बंटी, अंकित व सुभाष आदि ने बताया कि प्रशासन को उनकी समस्या देखते हुए पूर्व निर्धारित स्थान पर ही इस पुल का निर्माण कराना चाहिए।

### चौपट हो जाएगा दुकानदारों का धंधा
फुट ओवरब्रिज का विरोध करने वाले खेड़ा बॉर्डर के दुकानदारों का कहना है कि पहले ओवरब्रिज का स्थान 106 माइल स्टोन के पास निर्धारित किया गया था। वहां विरोध को देखते हुए जिला प्रशासन ने इसका स्थान बॉर्डर के पास करा दिया, जो पूरी तरह गलत है। इस जगह पर फुट ओवरब्रिज बनने से दुकानदारों का धंधा चौपट जाएगा। सैकड़ों दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन जान-बूझकर उनके सामने रोजी का संकट खड़ा कर रहा है, जिसका वह हर स्तर पर विरोध करेंगे।



दुकानदार महेश।

### ग्रामीण भी हो रहे विरोध में लामबद्ध
फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद जब दुकानदारों ने विरोध शुरू किया, तो जयसिंहपुर खेड़ा व आसपास के ग्रामीण भी विरोध में आगे आ गए। जिला परिषद के सदस्य खेड़ा निवासी रमेश ने आरोप लगाया कि जब पहले 106 किमी माइल स्टोन पर जगह निर्धारित हो गई थी, तो प्रशासन ने ओवरब्रिज का स्थान क्यों बदला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने राजनीतिक दबाव के चलते स्थान बदला है, जिसका ग्रामीण हर स्तर पर विरोध करने के लिए तैयार हैं।



पार्षद रमेश।

### निर्माण कंपनी ने मांगी पुलिस सुरक्षा
कंपनी के साइट इंजीनियर योगेश ने दुकानदारों और ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए बावल एसडीएम से ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल मुहैया कराने की मांग की। इसके बाद प्रवीण कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में भेजा गया। मौके पर पुलिस बल भेजा गया, जिसके बाद पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते निर्माण कार्य शुरू तो करा दिया गया, लेकिन वहां तनाव की स्थिति बनी हुई थी। अगर ग्रामीण लामबद्ध होते हैं, तो पुल निर्माण का कार्य अधर में लटक सकता है।



इंजीनियर योगेश।

*विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी के नियमों की दी जानकारी*

# विद्यार्थियों को शिविर में किया नशे के खिलाफ जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएसपी विद्यानंद ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचने के तरीकों पर चर्चा की और कहा कि आपके आस पड़ोस में कोई भी व्यक्ति नशे के व्यापार में संलग्न है तो उसकी सूचना गुप्त रूप से पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी के नियमों और साइबर फ्राड से बचाव के उपायों के बारे में भी बताया। उन्होंने दोपहिया वाहन का प्रयोग करते समय हेलमेट के प्रयोग की सलाह दी और कहा कि इस बारे में अन्य लोगों को भी जागरूक करना चाहिए।



**कोसली।** राजकीय महाविद्यालय में पौधरोपण करते डीएसपी विद्यानंद, प्राचार्या लाज कौशल व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### डीएसपी विद्यानंद का आभार व्यक्त किया
डीएसपी ने कहा कि आपके साथ या आपके परिवार के किसी सदस्य के साथ साइबर फ्राड की घटना हो जाती है तो उसकी सूचना तुरंत 1930 या 112 पर करे। डीएसपी द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया गया, जिसमें प्राचार्या, स्टाफ व विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या डा. लाज कौशल ने विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी देने के लिए मुख्य अतिथि डीएसपी विद्यानंद का आभार व्यक्त किया। संयोजिका डा संध्या ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एनएसएस के स्वयंसेवकों की सराहना की।कार्यक्रम का संचालन प्रो नागेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. मंजीत कुमार, जसवंत, दीपक, एवं विक्की उपस्थित रहे।

**मामले में दो अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही**

# रंजिश के चलते किया था भूपेंद्र पर हमला हत्या का मुख्यारोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गत 22 सितंबर की रात शहबाजपुर में हुई युवक भूपेंद्र की हत्या आपसी रंजिश का परिणाम थी। पुलिस ने इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी गांव के ही युवक मोहित को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में दो अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

पुलिस को दर्ज कराए गए बयान में शहबाजपुर खालसा निवासी सरोज देवी ने बताया था कि 23 सितंबर को तड़के करीब सवा 2 बजे उसका पति भूपेंद्र घर में शौचालय नहीं होने के कारण बाइक लेकर शौचादि के लिए बाहर निकला था। कुछ देर बाद उसे चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी।



रेवाड़ी। हत्या का आरोपी मोहित पुलिस टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

### तीनों आरोपी मौके से हो गए थे फरार
उसने घर से बाहर निकलकर गली में देखा तो नरेंद्र, प्रकाश व मोहित उसके पति से मारपीट कर रहे थे। उसने दोनों को ऐसा करने से मना किया, लेकिन वह मारपीट करते रहे। इसके बाद वह अपने बेटे विक्की को साथ लेकर पति का बचाव करने के लिए पहुंची। इसी दौरान मोहित ने धारदार हथियार फरसे से उसके पति पर वार करने शुरू कर दिए। उसका पति बेहोश होकर जमीन पर गिर गया, तो तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। उसके बेटे विक्की ने पुलिस को फोन किया। इसके बाद भूपेंद्र को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां से उसे गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक रेफर कर किया गया। पीजीआई ले जाने पर डॉक्टरों ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। कसोला पुलिस ने उसके बयान पर हत्या का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में मुख्यारोपी मोहित को काबू कर लिया।

### पहले भी हो चुका था भूपेंद्र के साथ झगड़ा
पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि मोहित और भूपेंद्र के बीच पहले भी कई बार झगड़ा हो चुका था। इससे मोहित भूपेंद्र से रंजिश रखने लगा था। उसे सबक सिखाने के लिए ही मोहित ने उस पर हमला किया था, जिससे भूपेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को रिमांड के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस इस मामले में दो अन्य आरोपियों नरेंद्र और प्रकाश की भूमिका की जांच कर रही है। अगर दोनों की मामले में संलिप्तता पाई जाती है, तो उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सरकारी स्कूल के बच्चों को कराया पर्यटन स्थल का भ्रमण

- वन संरक्षण, वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ और स्वच्छता ही जीवन है का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल आकेड़ा के बच्चों ने शनिवार को जंगल बेबलर पर्यटन स्थल का भ्रमण किया और पर्यटन स्थल के बारे में जानकारी ली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पर्यटन स्थल में जगह जगह लगे संकेतों बोर्ड पर पेड़ लगाओ, वृक्ष न काटो, आदि स्लोगन को पढ़ा। वन संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। वन संरक्षण, वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ और स्वच्छता ही जीवन है का संदेश दिया। एजीएम हरविंद्र यादव व इन्द्रवेश चौधरी ने बताया कि संरक्षण के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को पर्यटन के महत्व से जोड़ना और इस क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। पर्यटन न सिर्फ लोगों को नई जगहों और संस्कृतियों से जोड़ता है, बल्कि किसी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी बड़ी भूमिका निभाता है. यही कारण है कि इस दिन को दुनियाभर में खास महत्व दिया जाता है।




**धारूहेड़ा।** पर्यटन केंद्र में आराम करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# पुलिस चौकी के पास युवक को पीटा

- पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली जिस कारण केस दर्ज नहीं किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गोकल गेट पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर कुछ लोगों ने एक युवक पर हमला कर दिया। उसे काफी देर तक पीटा गया, जिसका बाद में वीडियो वायरल हो गया। शिकायत नहीं मिलने के कारण पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। वायरल हुआ वीडियो शुक्रवार देर सायं का बताया जा रहा है। जमीन पर पड़े एक युवक को एक व्यक्ति पीट रहा है। दूसरा उसका मुंह दबाए हुए है। जमीन पर पड़े युवक को कुछ दूर तक घसीटा गया। आसपास के लोग वीडियो में तमाशबीन बने नजर आ रहे हैं।



रेवाड़ी। जमीन पर पड़े युवक को पीटते दो व्यक्ति।

### दोनों पक्षों के लोग शराब के नशे में थे
बताया जा रहा है कि सूचना मिलने के बाद गोकल गेट पुलिस चौकी से स्टाफ मौके पर पहुंचा तो दोनों पक्षों के लोग वहां से चले गए। पुलिस का कहना है कि दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के बाद मारपीट की गई। दोनों पक्षों के लोग शराब के नशे में थे, जो बाद में वहां से निकल गए। पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली, जिस कारण केस दर्ज नहीं किया गया।

**आज आंशिक बादल छाने का अनुमान, जल्द बारिश की अभी संभाना नहीं**

# मौसम साफ रहने से मिल रही राहत, रात के तापमान में कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

**तेज धूप निकलने के कारण दोपहर बाद तक गर्मी लोगों को परेशान कर रही**

मौसम लगातार साफ बना हुआ है, जिससे दिन का तापमान कम होने का नाम नहीं ले रहा। रात के तापमान में कमी लोगों को चैन की नींद सोने का मौका दे रही है। किसानों ने रबी की प्रमुख फसल के रूप में सरसों की बिजाई शुरू कर दी है। 28 सितंबर को मौसम में बदलाव आ सकता है। आसमान में घने या आंशिक बादल छा सकते हैं। अगले दो-तीन दिनों में मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। शनिवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप निकलने के कारण दोपहर बाद तक गर्मी लोगों को परेशान करती रही। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 37.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर बना रहा। वातावरण में 62 फीसदी तक नमी दर्ज की गई, जबकि हवाओं की रफ्तार 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम में बदलाव के चलते अब दोपहर के समय ही गर्मी पसीना छुड़ाती है। रात को और सुबह-शाम के समय गर्मी से राहत मिलने लगी है। मौमस विभाग के अनुसार कमजोर विक्षोभ की सक्रियता के चलते रविवार को आसमान में बादल छा सकते हैं।



रेवाड़ी। सरसों की बिजाई के लिए तैयार किया गया खेत। फोटो :हरिभूमि

### सरसों के लिए जमीन कर रहे तैयार
किसानों ने बाजरे की फसल प्रभावित होने के बाद अब सरसों की फसल के लिए जमीन तैयार करना शुरू कर दिया है। कुछ इलाकों में सरसों की बिजाई शुरू भी हो चुकी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार 15 नवंबर तक अगेती सरसों की बिजाई की जा सकती है। इस बार जिले में 75 हजार हेक्टयेर भूमि पर सरसों की बिजाई किए जाने का अनुमान है। सरसों के बाद किसान लगभग 45 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बिजाई करेंगे। इस समय अगर बारिश होती है, तो किसानों को इससे सरसों की बिजाई में मदद मिलेगी। उन्हें जमीन की सिंचाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### रात का मिजाज ठंडा होना शुरू हो जाएगा
कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हो सकती है। अगले दे-तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा। रात के तापमान में अगले सप्ताह और कमी आ सकती है, जिससे रात का मिजाज ठंडा होना शुरू हो जाएगा।

### सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक गिरफ्तार
**रेवाड़ी।** चौकी गोकल गेट पुलिस ने सरेआम सट्टा खाई वाली करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला देवरिया के पाकोलीबाग टोला हाल किरायेदार मोहल्ला तेजपुरा रेवाड़ी निवासी बलवंत निसाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6520 रुपये बरामद किए है। पुलिस सूचना मिली थी की बलवंत निसाद निवासी पाकोलीबाग टोला जिला देवरिया यूपी हाल किरायेदार मोहल्ला तेजपुरा जयभगवान गोयल मार्केट की एक बन्द दुकान के सामने सरेआम सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर के नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम बलवंत निसाद निवासी पाकोलीबाग टोला जिला देवरिया यूपी हाल किरायेदार मोहल्ला तेजपुरा रेवाड़ी बताया।

# स्मॉल कैप और मिडकैप में कौन आगे, किसने दिया बढ़िया रिटर्न

▶▶ स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट ▶▶ 3 साल, 5 साल और 10 साल में दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न बढ़िया
▶▶ निवेशकों के लिए एसआईपी होता है सबसे अच्छा विकल्प, हो रहे मालामाल ▶▶ एसआईपी में लंबे समय में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता, करें प्लानिंग

**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

अलग-अलग मार्केट कैप सेगमेंट्स को रिप्रेजेंट करने वाले इक्विटी फंड्स में स्मॉल कैप और मिड कैप फंड्स को हाई रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। इन दोनों फंड्स को को हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट माना गया है, लेकिन पिछले 3, 5 और 10 साल के रिटर्न के लिहाज से दोनों में से कौन सी कैटेगरी आगे रही है। इसे देखा जाए तो दोनों ही श्रेणियों का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। निवेशकों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। हालांकि मार्केट की उथल-पुथल के दौरान इनमें रिस्क भी अधिक होता है, जो पिछले 1 साल के दौरान दोनों ही कैटेगरी के एवरेज निगेटिव रिटर्न में नजर आता है, लेकिन 3 साल, 5 साल और 10 साल में स्मॉल कैप और मिड कैप, दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि रिटर्न के मामले में दोनों फंड कैटेगरीज में कौन आगे रहा है, स्मॉल कैप या मिड कैप?

## क्या कहता है पिछला प्रदर्शन

स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स के पिछले 3, 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज के आंकड़े काफी दिलचस्प हैं। लंबी अवधि के निवेश पर दोनों ही श्रेणियों ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। हालांकि एक दो साल का रिटर्न देखें तो कुछ खास नहीं दिखा। इसलिए बाजार के जानकारों का भी कहना है कि निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य और धैर्य को जांच लें। हमेशा लंबी अवधिक के लिए निवेश करें। इसके लिए एसआईपी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसआईपी में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता होती है।

## 5 और 10 साल के रिटर्न में स्मॉल कैप आगे

पिछले 3 साल के रिटर्न के आंकड़ों में मिड कैप और स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज लगभग बराबर रहा है। इस दौरान स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न 20.86% और मिड कैप का कैटेगरी रिटर्न उससे थोड़ा बेहतर 20.96% रहा है, लेकिन 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप फंड आगे हैं। 5 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न 28.75% और मिड कैप कैटेगरी का औसत रिटर्न 26.38% रहा है। वहीं, 10 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी ने औसतन 17.24% और मिड कैप कैटेगरी ने 16.29% का एवरेज रिटर्न दिया है।

## रिटर्न के साथ रिस्क भी समझ लें

हालांकि 3 साल से लेकर 10 साल तक के कैटेगरी



एवरेज में स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स के आकर्षक रिटर्न साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। इन दोनों कैटेगरी के इक्विटी फंड्स में निवेश शॉर्ट टर्म में कितना रिस्की होता है, इसका अंदाजा इनके पिछले 1 साल के निगेटिव रिटर्न को देखकर लगाया जा सकता है. पिछले एक साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 6.54% और मिड कैप कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 3.94% रहा है।

## हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट

स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स को हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट कहा जा सकता है। रिस्कोमीटर पर भी इन दोनों कैटेगरी के सभी फंड्स को वेरी हाई रिस्क यानी बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग ही दी जाती है। ऊपर दिए आंकड़ों से यह भी साफ है कि मिड कैप और स्मॉल कैप फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करने की सलाह क्यों दी जाती है।

## किन्हें करना चाहिए निवेश

ऊपर दिए आंकड़ों से ही कुछ बातें साफ होती हैं। पहली बात तो यह है कि स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स में निवेश उन्हीं लोगों को करना चाहिए, जो ऊंचा रिटर्न पाने के लिए मार्केट से जुड़ा हाई रिस्क लेने को तैयार हैं। दूसरी बात यह कि इनमें पैसे हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए ही इनवेस्ट करना चाहिए। यह समझना भी जरूरी है कि इक्विटी फंड्स में पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए निवेश से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को हमेशा ध्यान में रखें।

## क्या हैं स्मॉल और मिड कैप

**स्मॉल-कैप :** स्मॉल-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण कम होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से कम। ये कंपनियां अक्सर नई और तेजी से बढ़ने वाली होती हैं, और उनके शेयरों में उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना होती है।
**मिड-कैप:** मिड-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण मध्यम आकार का होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के बीच। ये कंपनियां अक्सर स्थापित और स्थिर होती हैं, और उनके शेयरों में मध्यम जोखिम और मध्यम रिटर्न की संभावना होती है।

## स्मॉल-कैप और मिड-कैप के लाभ

1. **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **विविधीकरण :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है, जिससे जोखिम कम होता है।
3. **निवेश के अवसर :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में निवेश करने से आपको नए और रोमांचक निवेश अवसर मिलते हैं

# जरूरत और चाहत में फर्क समझें, बाजार की चकाचौंध में न बिगाड़ लें अपना बजट

**अलर्ट**
विनोद कौशिक

- बाजार जाएं तो ऑफर्स को देखकर ललचाएं नहीं, संयम बरतना जरूरी
- अपनी जरूरत के हिसाब से ही सामान खरीदें, ताकि कर्ज का बोझ न बढ़े
- कुछ भी खरीदने से पहले जांच लें कि हमें इसकी कितनी जरूरत
- त्योहारों की खरीदारी में खुशियों और जेब का संतुलन रखना बेहद जरूरी

नवरात्रों के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। बाजार में तरह-तरह की चीजों की भरमार है। दुकानदार इस समय तमाम ऑफर्स पेश कर ग्राहकों को लुभा रहे हैं। ऐसे में आपको भी थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। कई बार ग्राहक बाजार में ऑफर्स देखकर ललचा जाते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि त्योहारों की खरीदारी के चक्कर में कहीं आपका बजट बिगड़ न जाए। इसलिए अपना बजट देखकर ईएमआई और लोन ऑफर्स के बीच चाहत और जरूरत में फर्क समझें और खुशियों और जेब के बीच संतुलन बनाकर ही खरीदारी करें। इससे आप अनावश्यक दबाव से बच सकेंगे और बिना किसी कर्ज के खुशियां मना सकेंगे। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी न करें, बेहद जरूरी होने पर ही क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें, वरना ईएमआई का बोझ आपको परेशान कर सकता है।

## बढ़ जाता है खरीदारी का क्रेज

त्योहारों का मौसम जैसे ही नजदीक आता है, खरीदारी का उत्साह तेजी से बढ़ जाता है। नवरात्र और दशहरे के बाद दिवाली तक हर जगह डिस्काउंट व ऑफर्स की बौछार होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट की सेल तो लोगों को और ज्यादा लुभाती हैं। बैंक और फिनटेक कंपनियां आसान ईएमआई, बाय नाऊ पे लेटर और लो-इंटरेस्ट लोन की सुविधा देकर शॉपिंग को आकर्षक बना देते हैं, लेकिन शॉपिंग की इस होड़ के बीच बजट बिगड़ने और कर्ज के जाल में फंसने का रिस्क बढ़ जाता है। त्योहार की खरीदारी जेब पर बड़ा बोझ न बन जाए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**इस फर्क को समझना जरूरी :** त्योहारों पर डिस्काउंट और ऑफर इतने आकर्षक होते हैं कि अक्सर लोग जरूरत और चाहत के बीच का फर्क ही भूल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर घर के लिए जरूरी फ्रिज या बच्चों के लिए पढ़ाई का लैपटॉप खरीदना एक जरूरत है, जबकि लेटेस्ट स्मार्टफोन या महंगे गैजेट लेना सिर्फ चाहत हो सकती है। इसलिए इन चीजों के बीच के फर्क को समझकर ही खरीदारी करेंगे तो कर्ज के जाल से बच सकेंगे और हंसी खुशी के साथ त्योहार मना सकेंगे।

**बजट तय करें और उस पर टिके रहें :** खरीदारी का असली आनंद तभी है जब वह आपको बाद में तनाव न दे। त्योहारों के मौसम में हर चीज पर खर्च करने का मन करता है, लेकिन अगर आप पहले से कैटेगरी-वाइज बजट बना लें तो हालात आपके नियंत्रण में रहेंगे। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, सजावट और गिफ्टिंग के लिए अलग-अलग रकम तय करें। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं जिनसे आप रियल-टाइम में अपने खर्च को ट्रैक कर सकते हैं। सिर्फ बजट बनाना काफी नहीं है। असली फायदा तब है, जब आप उस पर मजबूती से टिके रहें।

**लोन लेते समय सावधानी :** त्योहारों पर ईएमआई और बीएनपीएल स्कीमें बहुत आसान लगती हैं, लेकिन याद रखें, यह सब शुरुआत में जितना आसान लगता है, उतना होता नहीं, क्योंकि किस्तें लंबे अरसे तक चलती रहती हैं। एक थंब रूल यह है कि आपकी मंथली इनकम में ईएमआई का हिस्सा अधिकतम 30 से 40 प्रतिशत तक होना चाहिए। इससे बचत और इमरजेंसी खर्चों के लिए भी जगह बनी रहती है। साथ ही ईएमआई को ऑटो-डेबिट में डालना बेहतर है, ताकि पेमेंट में देरी की वजह से पेनाल्टी न देनी पड़े।

## कई लोन लेने की गलती न करें

त्योहार के जोश में लोग कई बार एक साथ अलग-अलग जगहों से लोन ले लेते हैं. कहीं से पर्सनल लोन, कहीं से क्रेडिट कार्ड ईएमआई। नतीजा यह होता है कि हर महीने कई किस्तें चुकानी पड़ती हैं और बजट पूरी तरह गड़बड़ा जाता है। लोन लेने से पहले शर्तें अच्छी तरह पढ़ें। ब्याज दर के अलावा हिडेन चार्ज और पेनल्टी पर भी ध्यान दें। जो ईएमआई अभी सस्ती दिख रही है, हो सकता है लंबे समय में वह महंगी पड़ जाए। इसलिए सिर्फ वही लोन लें जो वास्तव में जरूरी हो और जिसे चुकाना आपके लिए आराम से संभव हो।

## स्मार्ट शॉपिंग से बढ़ाएं बचत

त्योहारों पर डिस्काउंट, बैंक ऑफर्स और कैशबैक एक साथ मिलकर अच्छा फायदा दे सकते हैं। समझदारी इसी में है कि इन ऑफर्स का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए। कई लोग फियर ऑफ मिसिंग आउट यानी एफओएमओ में आकर जरूरत से ज्यादा खर्च कर देते हैं। याद रखें, ऑफर्स हर साल आते हैं, लेकिन आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। बजट में जितनी गुंजाइश है, उतना ही खर्च करें। त्योहार परिवार के संग खुशियां मनाने और वक्त बिताने का मौका हैं। उन्हें कर्ज और तनाव का कारण न बनने दें।

# जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी ही जल्दी बढ़ जाएगा पैसा

- कुछ छोटे छोटे टिप्स जेन जेड को दिला सकते हैं बड़ा रिटर्न
- अभी-अभी कमाना शुरू किया तो निवेश करना शुरू करें
- एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस दे रहे मजबूत पोर्टफोलियो
- जेन जेड ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से जुड़ी हुई
- फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी सतर्क और जागरूक, जल्दी निवेश से मिलता है कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा

**तैयारी**
बिजनेस डेस्क

अगर आप यूथ यानी जेन जेड हैं और निवेश कर पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी पहली सैलरी के साथ ही निवेश करना शुरू कर दें। आप जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे आपका पैसा उतना जल्दी ही बढ़ेगा। यूथ यानी जेन जेड के लिए निवेश सिर्फ बचत का तरीका नहीं, बल्कि जल्दी आर्थिक आजादी पाने का भी रास्ता है। छोटे-छोटे निवेश से शुरू करके और सही जगह पैसे लगाकर बड़े रिटर्न हासिल किए जा सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस युवाओं को कम रकम से भी मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का मौका देते हैं। जेन जेड एक ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से काफी जुड़ी हुई है और फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी जागरूक है। ये युवा सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि उसे समझदारी से इन्वेस्ट करके बढ़ाना भी चाहते हैं। शुरुआती उम्र में इन्वेस्टमेंट शुरू करने से कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है, जिससे थोड़े-थोड़े पैसे भी समय के साथ एक बड़ी रकम में बदल सकते हैं, लेकिन ये जानना जरूरी है कि कौन से ऑप्शन्स उनके लिए बेस्ट हैं, खासकर जब उनके पास इन्वेस्ट करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ना हों।

## म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का जादू

म्यूचुअल फंड एसआईपी जेन जेड के लिए सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प है। खासकर अगर आपको स्टॉक मार्केट की ज्यादा जानकारी नहीं है। इसमें आप महज 500 प्रति माह से शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि इसमें थोड़ा लंबी अवधि के लिए निवेश करना होता है, लेकिन यह पैसे बचाने और अच्छा रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका है। एसआईपी को धीरे-धीरे बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें आपको 12-15% तक का औसत वार्षिक रिटर्न लंबे समय में मिल सकता है। आपका पैसा कई जगह इन्वेस्ट होता है, जिससे रिस्क कम हो जाता है। एक्सपर्ट्स आपके पैसे को मैनेज करते हैं। जरूरत पड़ने पर आप आसानी से अपने पैसे निकाल भी सकते हैं। अगर आप 1,000 महीने की एसआईपी 20 साल तक करें और 12% रिटर्न मिले तो करीब 9.19 लाख का फंड बन सकता है, जबकि निवेश सिर्फ 2.4 लाख रुपये का होगा।

## डिजिटल गोल्ड—सुरक्षित व आसान

आज के युवाओं को गोल्ड का पुराना झंझट पसंद नहीं। इसलिए उनके लिए डिजिटल गोल्ड निवेश का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। निवेश के लिए कई प्लेटफॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ये जेन जेड के लिए निवेश करने के लिए आसान हैं। युवा इन एप्स के जरीये आसानी से निवेश कर अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। इसमें 24 कैरेट का शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। सिर्फ 100 रुपये से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। मेकिंग चार्ज का झंझट नहीं होता। सेफ्टी को लेकर बहुत फिक्रमंद रहने की जरूरत नहीं होती। आप चाहें तो भविष्य में इसे फिजिकल गोल्ड में भी कन्वर्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा गोल्ड हमेशा महंगाई को मात देता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है।

## कहां निवेश करें?

▶▶ फोन पे, पेटीएम, गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।
▶▶ पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)—गारंटीड रिटर्न
▶▶ लॉन्ग टर्म और सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए पीपीएफ परफेक्ट है। इसके जरिए लॉन्ग टर्म में मोटा फंड तैयार किया जा सकता है।

## यह होगा फायदा

इसमें सालाना 500 रुपये मिनिमम निवेश कर सकते हैं। हालांकि बड़े रिटर्न के लिए बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी। सरकार हर तिमाही ब्याज दर तय करती है। फिलहाल 7.1% है, जो तमाम स्कीम्स की तुलना में बेहतर है। ईईई की कैटेगरी में आने के कारण आपका तीन तरह से टैक्स बचाएगी।

## कैसे करें निवेश?

▶▶ बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर आप इस स्कीम को शुरू कर सकते हैं।
▶▶ पी2पी लेंडिंग पर सीधे पैसे उधार दें
▶▶ पी2पी लेंडिंग एक नया इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है जहां आप सीधे दूसरों को पैसे उधार देते हैं और बदले में ब्याज कमाते हैं।-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए आप उन लोगों या छोटे बिज़नेसेस को पैसे उधार देते हैं जिन्हें जरूरत होती है।
▶▶ आमतौर पर बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिलता है (10-18% तक)। आपके इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक नया एसेट क्लास जुड़ता है। फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) : सुरक्षित और स्थिर अगर आपके पास एकमुश्त रकम है और आप निवेश पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते, तो एफडी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में एक निश्चित अवधि के लिए पैसे जमा करते हैं और आपको उस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। इसमें आपके पैसे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। आपको पहले से पता होता है कि कितना ब्याज मिलेगा। मार्केट के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं होता।




**जानकारी** मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें बन जाती हैं खतरा, इसलिए पहले से ही कर लें निवेश की तैयारी

# एन्युटी में निवेश कर सेवानिवृत्ति के बाद हो जाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र, बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी से बनी रहती है मानसिक शांति

**सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम ताकि किसी पर डिपेंड नहीं रहना पड़े**

**समझदारी**
सुश्री विद्या अय्यर

हर व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहता है। चाहे वेतनभोगी हों या स्व-रोज़गार वाले लोग, सभी चाहते हैं कि बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी और मानसिक शांति बनी रहे, लेकिन, मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें अक्सर दीर्घकालिक आय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। इससे सुनिश्चित बचत विकल्पों पर मिलने वाले रिटर्न में कमी आई है, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को अपनी बचत से कम आय हो रही है। इसलिए आपको पहले से ही जागरूक होना होगा और सेवा निवृत्ति के बाद बुढापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने होंगे। आपके लिए एन्युटी में निवेश बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपको जीवन भर की आय मिल सकती है और किसी डिपेंड नहीं रहना होगा। तभी आप अपना भविष्य सुरक्षित रख पाएंगे।

## एन्युटी (वार्षिकी) कैसे मदद करती हैं?

सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर और नियमित आय हो तो लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहते हैं। इस तरह की नियमित आय से सेवानिवृत्त लोग जीवनयापन के खर्च के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा या अपने हर तरह के शौक पूरे कर सकते हैं और दूसरों पर निर्भर हुए बिना शांति से जीवन-यापन करसकते हैं। एन्युटी जीवन भर की आय प्रदान करती है। यह आय मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर हासिल की जा सकती है और इसे जीवन भर या निश्चित अवधि के लिए अपनी ज़रूरत के अनुरूप व्यवस्थित किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें निश्चितता होती है। सेवानिवृत्त लोगों को पता होता है कि उन्हें नियमित आय होगी जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद कर सकती है।



## एन्युटी में निवेश करने का यह सही समय क्यों?

ब्याज दरों में गिरावट के माहौल में, एन्युटी विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। इससे खरीद के समय ब्याज दर लॉक हो जाती है, जिससे जीवन भर के लिए आय की गारंटी सुनिश्चित होती है और ब्याज दर में किसी भी उतार-चढ़ाव का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इए में ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद है, जैसा कि अमेरिका और जापान जैसे देशों में देखा जा रहा है। अभी कदम उठाने से भविष्य की आय सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं, उनके लिए पूर्वानुमान सुरक्षा लाता है।

## विवेकपूर्ण विकल्प

एन्युटी उत्पाद इस मायने में बहुमुखी हैं कि ये न केवल सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए बल्कि जीवनसाथी के लिए भी गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं। सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए, एन्युटी एक स्मार्ट और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार विकल्प है। अनिश्चितता के दौर में, एन्युटी विश्वसनीयता प्रदान करती है। इस पर आधारित योजनाएं सेवानिवृत्त लोगों को आगे की योजना बनाने का आत्मविश्वास देती हैं, उन्हें ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से बचाती हैं और आजीवन स्वतंत्रता सुनिश्चित करती हैं। आज की दरों पर आय को सुरक्षित कर, व्यक्ति अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए मज़बूत और सुरक्षित आधार तैयार कर सकते हैं।

*(लेखक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फिक्स्ड इन्कम हेड हैं।)*

## क्या है एन्यूटी

एन्यूटी एक प्रकार का निवेश है जिसमें आप एक निश्चित राशि का भुगतान करते हैं और बदले में एक निश्चित अवधि के लिए नियमित आय प्राप्त करते हैं। एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक स्थिर और अनुमानित आय मिल सकती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।

## एन्यूटी के प्रकार

1. **फिक्स्ड एन्यूटी** : इसमें आपको एक निश्चित दर पर आय मिलती है, जो आपके निवेश की अवधि के दौरान नहीं बदलती है।
2. **वेरिएबल एन्यूटी** : इसमें आपकी आय बाजार की स्थिति के आधार पर बदल सकती है।
3. **इंडेक्स-लिंक्ड एन्यूटी** : इसमें आय एक विशिष्ट सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़ी होती है, जैसे कि शेयर बाजार सूचकांक।

## एन्यूटी के लाभ

1. **नियमित आय** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक नियमित आय मिलती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
2. **जोखिम कम** : एन्यूटी में निवेश करने से जोखिम कम होता है, क्योंकि आपको एक निश्चित आय मिलती है।
3. **वित्तीय सुरक्षा** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जो आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

## एन्यूटी के लिए कौन उपयुक्त

**1. रिटायर्ड व्यक्ति**
एन्यूटी में निवेश करना रिटायर्ड व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक नियमित आय की तलाश में हैं।

**2. जोखिम से बचने वाले निवेशक**
एन्यूटी में निवेश करना जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक निश्चित आय की तलाश में हैं।

**3. वित्तीय सुरक्षा की तलाश में**
एन्यूटी में निवेश करना उन लोगों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो वित्तीय सुरक्षा की तलाश में हैं।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। बकरी फिल्म का एक दृश्य।

### फिल्म 'बकरी' का फिल्म फेस्टिवल के लिए चयन

**कोसली।** हरियाणा की माटी से निकली शॉर्ट फिल्म 'बकरी' ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। फिल्म का चयन दुनिया के बड़े फिल्म फेस्टिवल्स में शुमार यूरेशिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ है। यह उपलब्धि हरियाणा व भारतीय लघु फिल्म उद्योग के लिए बड़ी बात है। फिल्म अहीरवाटी बोली में है और फिल्म का निर्माण भी कोसली इलाके में हुआ है। फिल्म के निमार्ता सुरेश यादव बव्वा ने बताया कि यह उनकी पहली फिल्म है और इसका अंतरराष्ट्रीय चयन हमारी पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है। हमारी कोशिश है कि समाज से जुड़ी कहानियों को दुनिया के सामने लाएं। फिल्म का निर्देशन रोहित ने किया है, जो गांव झाल के निवासी हैं। बकरी उनके निर्देशन की डेब्यू फिल्म है। निर्देशन से पहले वे संवाद लेखन से जुड़े रहे हैं।



### मेधावी को सम्मानित करने का कार्यक्रम रद

**रेवाड़ी।** ककक सामाजिक संगठन आवाज फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र रंगा लिसानिया, प्रदेश महासचिव सूबेदार मेजर सत्य नारायण सांभरिया निमोठ व अन्य पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक का आयोजन चौधरी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी के कार्यालय में किया गया। बैठक में फैसला लिया गया की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय निमोठ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, सम्मानित करने वाले 4 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम रद कर दिया गया है।



### बच्चों के मानसिक विकास पर दी जानकारी

**रेवाड़ी।** पोषण माह व सेवा पखवाड़ा के अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर तारा देवी के हंसनगर केंद्र में बच्चों के प्रथम हजार दिनों के दौरान मानसिक विकास के बारे में एरिया के पुरूषों एवं महिलाओं को सुपरवाइजर यशु यादव की अध्यक्षता में पूरे विवरण सहित जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं और स्तन पान कराने वाली महिलाओं व बच्चों के खान पान के बारे में तथा बच्चों के पालन पोषण के बारे में पुरूषों की भागीदारी के बारे में भी विवरण सहित बताया। यशपाल, विजयपाल, उदमीराम,आजाद तथा एरिया की महिलाएं तथा आंगनवाड़ी वर्कर मौजूद रही।

## प्रशासन के पास पंचायती जमीनों पर कब्जों की शिकायतें ज्यादा

# पंचायती जमीन खाली कराने पर जोर प्रशासन ने दो गांवों से हटाए अवैध कब्जे

सीएम विंडो व समाधान शिविरों में गांवों की पंचायती जमीन पर अवैध कब्जों की शिकायतें मिल रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीएम विंडो से लेकर समाधान शिविरों तक में गांवों की पंचायती जमीन पर अवैध कब्जों की शिकायतें सबसे ज्यादा मिल रही हैं। इन शिकायतों का समाधान करते हुए जिला प्रशासन ने पंचायती जमीनों से अवैध कब्जे खाली कराने की कार्रवाई भी तेज कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन की टीमों ने दो गांवों की जमीन से अवैध कब्जे हटवा दिए।

खेड़ा आलमपुर में ग्राम पंचायती की जमीन व रास्ते पर अवैध कब्जों की शिकायत प्रशासन को की हुई थी। गांव के अवैध कब्जों को हटवाने के आदेश जारी होने के बाद एसडीओ पंचायती राज ओमप्रकाश के नेतृत्व में प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ खेड़ा आलमपुर पहुंची। जेसीबी मशीन से टीम ने रास्ते पर किए गए कब्जों के साथ-साथ पंचायती जमीन को भी खाली करा दिया गया। इससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। कब्जों के कारण पंचायती रास्ता काफी संकीर्ण बना हुआ था, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लंबे समय से अवैध कब्जे हटवाने की मांग की जा रही थी। टीम ने जेसीबी से पक्के निर्माण भी तुड़वा दिए। एसएसआई थाना रोहड़ाई सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल गांव में मौजूद रहा, जिस कारण इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।



रेवाड़ी। चांदवास में अवैध कब्जा हटाती प्रशासन की जेसीबी मशीन।

### चांदावाद के रास्ते को साफ कराया गया

चांदावास गांव के आम रास्ते पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने कब्जा जमाया हुआ था। रास्ते को साफ कराने के लिए प्रशासन को शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रशासन की ओर से कब्जा हटवाने के आदेश जारी होने के बाद एसडीओ कमलसिंह के नेतृत्व में गांव पहुंची टीम ने जेसीबी से अवैध कब्जे हटवाकर रास्ता साफ करा दिया। इससे ग्रामीणों को राहत मिली है। कब्जा हटाते समय रामपुरा पुलिस मौजूद रही, जिस कारण कार्रवाई बिना किसी विरोध के संपन्न हो गई।

### किसी भी सूरत में कब्जा बर्दाश्त नहीं



जिन गांवों में पंचायत जमीन या रास्तों पर कब्जे किए हुए हैं, उन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कब्जा करने वाले लोग खुद जमीन खाली नहीं करते हैं, तो विभाग की टीम इन कब्जों को हर हाल में खाली कराएगी। इसके लिए अभियान निरंतर चलता रहेगा। **-एचपी बंसल, डीडीपीओ।**

## माजरा में आयोजित शिविर में जांचा 75 लोगों का स्वास्थ्य

महंत सुमित गिरी ने शिविर का शुभारंभ किया



खोरी। शिविर का शुभारंभ करते हुए महंत सुमित गिरी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खोरी

गांव माजरा में गोरक्षक दीपक यादव दादा के जन्मदिन पर आयोजित स्वास्थ्य मेले में 75 लोगो के स्वास्थ्य की जांच हुई ओर 7 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ । माजरी धाम के महंत सुमित गिरी महाराज ने रिबन काटकर स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया ओर गांव के सरपंच रविंद्र हाथी ने अध्यक्षता की।

इसके अलावा पूर्व पार्षद आजाद सिंह नांधा, जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टींट, युवा समाजसेवी यतेंद्र रावत बावल, लखवीर मनेठी, गोरक्षक नीरज यादव ढाणी शोभा, मोनू पीथड़ावास व रवि कोलाना सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। शिविर में डॉक्टरों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और निशुल्क परामर्श ओर दवाइयां दी। इस मौके पर महंत सुमित गिरी महाराज ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर लगाना पुण्य का कार्य है।

## भाजपा लीगल सेल ने ग्रामीणों को दी मुफ्त कानूनी जानकारी

- मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की जिला अध्यक्ष वंदना पोपली रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भाजपा लीगल सेल की जिला इकाई ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत ग्राम बोलनी में एक निःशुल्क कानूनी परामर्श शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का नेतृत्व लीगल सेल के जिला अध्यक्ष एडवोकेट बिरेन कुमार यादव ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने विशेष रूप से शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ जिला उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, प्रवक्ता एडवोकेट नितेश अग्रवाल, पार्षद मीना यादव, पूर्व सरपंच नरेश यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा समाज सेवा को समर्पित है और इसी कड़ी में भाजपा लीगल सेल ग्रामीणों तक न्याय और कानूनी जागरूकता पहुंचाने का कार्य कर रहा है। वहीं ग्रामीणों को जीएसटी रिफॉर्मस के बारे में भी बताया गया। उन्होंने बताया कि जीएसटी रिफॉमर्स से देश की जनता को टैक्स की दरों में काफी राहत मिली है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. वंदना पोपली। फोटो: हरिभूमि

### ये पदाधिकारी रहे मौजूद

*इस अवसर पर एडवोकेट विरेन्द्र यादव, निरंजन यादव, प्रमोद चौहान, अभिषेक भारद्वाज, सुनीता यादव, प्रवीण यादव, रामसिंह छाबड़ी, यशवनी कुमार, आजाद, ममता कुमारी, राहुल यादव, कपिल यादव, रविन्द्र यादव, दामोदर, टार्जन यादव, प्रदीप चौहान व सुनील चौहान सहित अनेक पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।*

## भविष्य की संभावनाओं पर हुई चर्चा

- इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से शनिवार को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें संज्ञानात्मक मनोविज्ञान के वर्तमान अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर मनोविज्ञान की प्रख्यात शिक्षिका प्रो. अमृता यादव ने मुख्य व्याख्यान दिया।कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष डा. बिजेंद्र द्वारा स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने मख्य वक्ता प्रो. अमृता यादव का हार्दिक अभिनंदन किया और उपस्थित संकाय सदस्यों तथा छात्रों का स्वागत किया। संज्ञानात्मक मनोविज्ञान आने वाले वर्षों में न केवल शैक्षणिक अनुसंधान बल्कि समाज के हर पहलू में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संदीप कुमार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



मीरपुर। यूनिवर्सिटी में व्याख्यान देते हुए अमृता यादव। फोटो: हरिभूमि

### आने वाला समय एआई का

अमृता यादव ने कहा कि संज्ञानात्मक मनोविज्ञान हमें यह समझने में मदद करता है कि इंसान कैसे सोचता है, सीखता है और निर्णय लेता है। यही समझ भविष्य की तकनीक और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को नए आयाम दे सकती है। उन्होंने विस्तार से बताया कि आज इसका प्रभाव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, शिक्षा, संगठनात्मक प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य तक देखा जा सकता है।


## विश्व पर्यटन दिवस पर स्कूल की शैक्षणिक यात्रा

# विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डहीना

सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पचास विद्यार्थियों ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जिले के ऐतिहासिक धरोहरों की शैक्षणिक यात्रा कर रोचक जानकारी प्राप्त की।

राव लाल सिंह पब्लिक स्कूल, लुहाना के सौजन्य से आयोजित इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यार्थियों ने रानी की ड्योढ़ी, तेज सरोवर, सोलहराही सरोवर तथा हिंदुस्तान की प्रथम गौशाला का भ्रमण कर इतिहास एवं संस्कृति से जुड़ी रोचक जानकारी प्राप्त की। संस्कृति लेखक एवं प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया की अगवाई में आयोजित इस यात्रा में प्राध्यापिका अनीता यादव तथा शिक्षक शक्ति सिंह का प्रेरक मार्गदर्शन रहा। कटला बाजार स्थित ऐतिहासिक महल रानी की ड्योढ़ी तथा रेवाड़ी के इतिहास के बारे में अहीरवाल आंदोलन के संयोजक राव बिजेंद्र सिंह ने विस्तृत जानकारी दी।



डहीना। ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी लेते सीहा स्कूल के छात्र।

## फसल गिरदावरी जांचने के लिए फील्ड में उतरे उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने शनिवार को जिला के गांव देवलावास, कमालपुर, निखरी, मामड़िया ठेठर गांवों के खेतों में खरीफ फसलों की गिरदावरी का निरीक्षण किया।

डीसी ने राजस्व विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसलों की गिरदावरी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीसी ने कहा है कि गिरदावरी खेती से जुड़ी एक अहम प्रक्रिया है, जो साल में दो बार रबी और खरीफ की फसल के दौरान की जाती है। गिरदावरी का कार्य पटवारी द्वारा किया जाता है। इसमें फसल से संबंधित जानकारी को राजस्व विभाग में दर्ज किया जाता है, जैसे कितने रकबे में कितनी और कौन सी फसल की बुआई की गई है। पटवारी अपने एरिया के किसानों के पास जाकर जानकारी को इकठ्ठा करके गिरदावरी रिपोर्ट को तैयार करता है। सरकार द्वारा पटवारियों को टैब उपलब्ध करवाए गए हैं और पटवारी मौके पर जाकर टैब से गिरदावरी का कार्य करके डाटा एकत्रित करता है। इस दौरान एसीयूटी रूहानी, डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



रेवाड़ी। गिरदावरी कार्य का निरीक्षण करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

## शिविर में जांचा सौ से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

नांगल पठानी गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य जांच व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य अधिकारी डा. राहुल की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में 100 से अधिक लोगों के बीपी व शुगर की निःशुल्क जांच की गई तथा दवाईयां भी दी गई। इस मौके पर पीएचसी जाटूसाना के प्रभारी डा रविन्द्र सिंह ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत दैनिक सफाई, स्वच्छता, और उत्तम स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी। डा.राहुल ने गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयां दी तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस, गर्भवती महिलाओं की देखभाल, स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार संबंधी परामर्श दिया। सरपंच रजनी यादव, अरुण यादव, डा सुरेंद्र यादव,कमलेश देवी, पूनम यादव, दीपमाला, नीलम, सरोज निर्मला, सुनीता, समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

नांगल पठानी गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर



कोसली। शिविर में आए लोगों की जांच करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

## नागरिक अस्पताल स्टाफ ने झाड़ू लगाकर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नागरिक अस्पताल में शनिवार को दसवां विशेष सघन सफाई अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। अस्पताल स्टाफ व आम नागरिकों ने लगभग 2 घंटे तक अस्पताल परिसर और आसपास के एरिया में सफाई की।

दसवां विशेष सघन सफाई अभियान चलाया गया

पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता व एएसएमओ डा. सुभाष यादव की देखरेख में अस्पताल के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने सफाई अभियान में भूमिका निभाई। डीएमएस डा. इंद्रजीत यादव ने बताया कि अभियान के तहत अस्पताल के पैनल एरिया, गैस मैनिफोल्ड, पार्किंग एरिया पार्क एवं जंक यार्ड की गहन सफाई की गई। सफाई अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ, सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध हो। यह निर्णय भी दोहराया गया कि यह अभियान नियमित रूप से प्रत्येक शनिवार को सुबह 6:30 बजे से 8:30 बजे तक जारी रहेगा।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में सफाई करते स्वास्थ्यकर्मी।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत जागरूक कार्यक्रम

# पुलिस ने पढ़ाया विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का पाठ

नशे के दुष्प्रभाव, डायल 112,महिला/बच्चों विरुद्ध अपराधों सहित विभिन्न जानकारी देकर जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के के निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पुलिस ने विभिन्न सामाजिक और जन-हितैषी अभियानों की शुरूआत की हुई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, पौधारोपण, रक्तदान, कानून व्यवस्था, अपराध व अपराधियों से दूरी,साइबर क्राइम से बचाव, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों व नशा उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषय प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे व अपराध की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है।

इस अभियान के तहत जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शनिवार को गवर्नमेंट स्कूल गांव मस्तापुर, पाल्हावास व रोहड़ाई का दौरा कर स्टूडेंट्स/आमजन को नशे के दुष्प्रभाव, डायल 112, व महिला/बच्चों विरुद्ध अपराधों सहित विभिन्न जानकारी देकर जागरूक किया तथा नशा ना करने की शपथ भी दिलवाई। निरीक्षक रामपाल ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज करवाकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर दें, पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पता व जानकारी बताने वाले व्यक्ति का नाम पता गुप्त रखा जायेगा। रेवाड़ी पुलिस, प्रदेश में नशे के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति को पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाते पुलिसकर्मी।

### अपराधियों के झांसे में नहीं आएं युवा

*पुलिस टीम ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा वर्ग अपराधियों के झांसे में नहीं आए कानून का सम्मान करें तथा अपराधियों से दूरी बनाए रखें, आपराधिक गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायगा। साथ ही उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है वे शिक्षा एवं खेलों से जुड़ अपना तथा अपने देश का नाम रोशन करे। पुलिस टीम ने स्टूडेंट्स/आमजन को जानकारी देते हुए बताया कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिला थाना, डायल 112 व दुर्गा शक्ति एप पीड़िता की मदद के लिए हैं।*

## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाली करते एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने शहर में सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि तेजपुरा मोहल्ले में रहने वाला मूल रूप से यूपी के पाकोलीबाग निवासी बलवंत सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया। उसके कब्जे से सट्टे की 6520 रुपये राशि बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह आज

**रेवाड़ी।** श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए 28 सितंबर को जिला सहित प्रदेश भर में श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन रविवार को दोपहर 2 बजे से होगा। अतिरिक्त श्रम आयुक्त दिनेश यादव ने बताया कि इस अवसर पर बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट को-ऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला मुख्य अतिथि होंगे जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि रहेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में लाइव प्रसारण भी होगा। उन्होंने श्रमिकों से कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है।

### प्रशासन का रात्रि ठहराव कोलाना में कल

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से सोमवार, 29 सितंबर गांव कोलाना में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। सीटीएम ने बताया कि हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।


डीसी अभिषेक मीणा

---

## ट्रैफिक पुलिस का एक्शन

### नाईवाली चौक क्रॉस करने के लिए लगाना पड़ रहा लंबा चक्कर

# वैकल्पिक तौर पर बंद किया रोड ट्रैफिक का दबाव हुआ कम

*आउटर बाइपास शुरू होने से पहले महेंद्रगढ़ व नारनौल से गुरूग्राम के बीच अवागमन करने वाले वाहनों को शहर के बीचों-बीच सरकुलर रोड से होकर गुजरना पड़ता था*



नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

नाईवाली चौक पर वाहनों के दबाव के कारण लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने सरकुलर रोड का ट्रैफिक करीब तीन साल पहले बेरिकेड्स लगाकर फ्लाईओवर के नीचे से डायवर्ट किया था। यह व्यवस्था वैकल्पिक तौर पर की गई थी। आउटर बाइपास शुरू होने के बाद शहर से ट्रैफिक का दबाव कम हो चुका है, परंतु इस व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वाहन चालकों को शहर के बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन के बीच आवागमन करने के लिए पुल के नीचे से अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जबकि बसों का पुल के नीचे से निकलना संभव ही नहीं है। आउटर बाइपास रोड शुरू होने से पहले महेंद्रगढ़ व नारनौल से गुरूग्राम के बीच अवागमन करने वाले वाहनों को शहर के बीचों-बीच सरकुलर रोड से होकर गुजरना पड़ता था। भारी वाहनों का आवागमन भी शहर से ही होता था, जिससे अक्सर नाईवाली चौक पर जाम जैसे हालात बने रहते थे। तेज रफ्तार डंपरों के कारण शहर में हादसों की आशंका भी बनी रहती थी। सैकड़ों की संख्या में सरकुलर रोड पर चलने वाले ऑटो भी जाम की समस्या पैदा करते थे। ट्रैफिक पुलिस ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए नाईवाली चौक पर बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले रोड को बेरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया था। इस रोड से गुजरने वाले हल्के वाहनों को रास्ता नाईवाली चौक फ्लाईओवर के नीचे से घूमकर किया हुआ है।

» ***आउटर बाइपास शुरू होने के बाद शहर से ट्रैफिक का दबाव कम हुआ है***

» ***व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया***

### ट्रैफिक लाइटों की समस्या बनी सिरदर्द



पूरे प्रदेश में रेवाड़ी शायद ऐसा अकेला शहर है, जो बिना ट्रैफिक लाइटों के काम चला रहा है। नगर परिषद की ओर से ट्रैफिक लाइटों के नाम पर लाखों रुपये फूंके जा चुके हैं, परंतु इन लाइटों का संचालन आज तक सुचारू नहीं हो सका है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में हाल ही में समीक्षा बैठक में यह मामला उठ चुका है, जिसमें ट्रैफिक लाइटों को जल्द पुलिस को हैंडओवर करने की बात कही गई थी। नप की ओर से पूर्व में लगाई गई ट्रैफिक लाइटें शोपीस से ज्यादा कुछ साबित नहीं हो सकीं।

» बसों का पुल के नीचे से निकलना संभव ही नहीं है

» तेज रफ्तार डंपरों के कारण शहर में हादसों की आशंका भी बनी रहती थी

### बाइपास शुरू होने के बाद ट्रैफिक कम



शहर के बाहर नारनौल और महेंद्रगढ़ से गुरूग्राम व रोहतक की ओर जाने वाले मार्गों को जोड़ने के लिए करीब एक साल पहले दो आउटर बाइपास शुरू हो गए थे। इससे इन मार्गों पर आवागमन करने वाले वाहन बाहर से ही निकल रहे हैं। डंपरों और ट्रकों का शहर से आवागमन पूरी तरह बंद हो चुका है। रोजाना लगभग बीस से तीस हजार वाहनों का शहर में प्रवेश बंद हो चुका है। सरकुलर रोड पर ट्रैफिक का दबाव काफी कम होने के बावजूद पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव नहीं किया है।

### पुलिस के हैंडओवर होंगी लाइटें

ट्रैफिक लाइटों का मामला दिशा की बैठक में भी उठ चुका है। नगर परिषद की ओर से इन लाइटों को ट्रैफिक पुलिस को हैंडओवर किया जाएगा। इसमें कुछ तकनीकी अड़चनें आ रही हैं, जिन्हें जल्द दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। लाइटों को ठीक कराने की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। **-ब्रह्मप्रकाश**, डीएमसी।



### बसों का टर्न फ्लाईओवर क्रॉस के बाद

छोटे वाहनों और ऑटो को नाईवाली चौक पर एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने में लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। कई बार धारूहेड़ा चुंगी रूट डायवर्ट कराने के बाद झज्जर व पटौदी की ओर जाने वाली बसों को नाईवाली चौक से नारनौल रोड फ्लाईओवर क्रॉस करने के बाद टर्न लेना पड़ता है। जगह की कमी के कारण बसों को टर्न करते समय पुल के दूसरे छोर पर भी जाम जैसे हालात बन जाते हैं। अगर बेरिकेड्स हटा दिए जाएं, तो यह वाहन आसानी से सीधे रेलवे चौक की ओर निकल सकते हैं।

### चौक पर बढ़ सकती है परेशानी

बेरिकेड्स हटाने के बाद ऑटो चालक मनमानी करेंगे, जिससे चौक पर एक बार फिर से अव्यवस्था की स्थिति बन जाएगी। एंबुलेंस और जरूरी वाहनों को बेरिकेड्स हटाकर निकलवा दिया जाता है। बेरिकेड्स हटाने के बाद नारनौल व महेंद्रगढ़ रोड से आने वाले वाहन रॉन्ग साइड से निकलेंगे, जिससे चौक पर व्यवस्था बिगड़ जाएगी।
**-राजकुमार**, सिटी ट्रैफिक प्रभारी।

---


रेवाड़ी। दुर्गा मंदिर में भजन-कीर्तन करते हुए श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

## छठे स्वरूप मां कात्यायनी की हुई पूजा

# माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

- श्रद्धालुओं पर नवरात्रों का रंग पूरी तरह से चढ़ा हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर में मां दुर्गा के नवरात्रों की धूम मची हुई है। शारदीय नवरात्रों के छठे दिन शनिवार को शहर के मंदिरों में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों में से छठे स्वरूप मां कात्यायनी की श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं पर नवरात्रों का रंग पूरी तरह से चढ़ा हुआ है। शहर के सभी मंदिर जगमगा रहे हैं। शहर के बारा हजारी स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी स्थित काली माता मंदिर, बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर, नई बस्ती स्थित मंसादेवी मंदिर, सेक्टर-3 स्थित माता मंदिर, बारा पत्थर स्थित कालीमाता मंदिर, आर्य समाज रोड स्थित दुगार्माता मंदिर सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालु माता के दर्शन करने व अपनी मनोकामना पूरी कराने के लिए पहुंच रहे है। बारा हजारी मंदिर के पुजारी ने बताया कि महर्षि कत के पुत्र ऋषि कात्य के गोत्र में पैदा हुए महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की घोर उपासना करते हुए उनसे अपने घर में जन्म लेने का अनुरोध किया था। कात्यायन की उपासना व महिषासुर के बढ़ते उत्पात से ब्रह्मा, विष्णु व महेश के तेज के अंश से मां कात्यायनी ने महर्षि कात्यायन की पुत्री के रूप में जन्म लिया था। शहर की विभिन्न कॉलोनियों में भी महिला मंडलों द्वारा मां भगवती को समर्पित भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है।

### आज की जाएगी मां कालरात्रि की पूजा

मां दुर्गा की 7वीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। रविवार को 7वें नवरात्रे पर उपासक मां कालरात्रि की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है, सिर के बाल बिखरे हुए हैं, गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला भी है, मां के 3 नेत्र हैं, यह तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं, इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं, मां का वाहन गर्दभ है। इनका ऊपर उठा हुआ दाहिने हाथ की वरमुद्रा सभी को वर प्रदान करती हैं।

---

# राम के लिए 14 वर्षों का बनवास मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्रीशिव रामलीला समिति नई अनाजमंडी द्वारा संचालित रामलीला के चौथे दिन जहां रामचन्द्र को राज तिलक होना था वहीं दासी मंथरा के कान भरने पर रानी कैकेई राजा दशरथ से अपने दो वर में अपने बेटे भरत के लिए राज व कौशल्या पुत्र रामचन्द्र के लिए 14 वर्षों का बनवास मांग लेती है। जिस पर राजा दशरथ रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई प्रण को निभाते हुए दुःखी मन से राम को वन जाने की आज्ञा देते हैं व रानी कैकई से पूछते हैं अरी बेवफा तू सच बता, तुझे राम से क्या बैर है, क्या भरत है तेरा लाडला, और राम क्या कोई गैर है...।


रेवाड़ी। रामलीला में प्रस्तुती देते हुए कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

### रिबन काट कर लीला का शुभारंभ किया

जब सीता को पता चलता तो वह भी राम से उनके साथ वन जाने की जिद करती है तो राम जी समझाते है प्रिये मान लो, जिद छोड़ दो, कैसे दुखड़े सहयोगी बनवास में तब सीता जी जवाब देती है कैसे मान लूं, जिद छोड़ दूं, मैं भी चलूंगी नाथ साथ में। लोगों ने जमकर कलाकारों का तालियों के साथ उत्साह वर्धन किया। समिति के सचिव दीपक मंगला ने बताया कि प्रधान नवलकिशोर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित चौथे दिन की लीला में समाजसेवी राहुल यादव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व रिबन काट कर लीला का शुभारंभ किया।

---

# विजयवाड़ा के लिए रवाना हुई योगासन टीम

- विभिन्न प्रतियोगिताओं में लेगी भाग
- जाट धर्मशाला रेवाड़ी में ही कैंप का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की जूनियर व सीनियर सी आयु वर्ग की टीम राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी के लिए विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश के लिए रवाना हो गई। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य सचिव डा. युद्धवीर ने बताया कि 23 सितंबर शहीदी दिवस के अवसर पर आरकेसी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स में सब जूनियर व जूनियर लड़की वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसमे स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव मुख्य स्थिति के रूप में मौजूद रही। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में रेवाड़ी में ही कैम्प का आयोजन जाट धर्मशाला में किया गया।


रेवाड़ी। विजयवाड़ा के रवाना हुई टीम कोच के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### योगासन का प्रचार-प्रसार हो रहा तेज

सरकार व खेल विभाग हरियाणा योग आयोग के माध्यम से योग को काफी बढ़ावा मिल रहा है। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा योगासन खेल का प्रचार प्रसार बड़े स्तर पर किया जा रहा है। पिछले दिनों दुर्ग छतीसगढ़ में आयोजित सीनियर व सिनायर ए आयु वर्ग के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर हरियाणा का नाम रोशन किया था।

### स्पर्धा में इनका चयन

डा. युद्धवीर ने बताया की कैंप कॉर्डिनेटर के लिए योगासन रेवाड़ी के सचिव बिकी कुमार व पुरुष कोच रोहित, महिला कोच अन्नू तथा टीम मैनेजर के लिए भारत भूषण का चयन किया गया। डा. युद्धवीर ने बताया की कुल 27 लोगों का दल विजयवाड़ा के लिए रवाना हुआ है, कुल 24 खिलाड़ी जिसमें जूनियर वर्ग में नौ लड़के व नौ लड़कियां तथा सीनियर सी वर्ग में 4 पुरुष व 2 महिलाओं सहित 2 टीम कोच एव 1 टीम मैनेजर जा रहे है।

---

# पोक्सो एक्ट का आरोपी भेजा जेल

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज किए मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर 12 सितंबर को राजस्थान के बिलंदी निवासी अजय के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल कराया गया था। केस दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसे राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

---

# केवट ने पार कराई भगवान श्रीराम को नदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर, मोती चौक में चल रही श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के मंच पर राम वनवास और केवट राम संवाद के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी मंचन किया गया। रामलीला के सचिव याद के. सुगन्ध ने बताया कि रामजी, लक्ष्मण व सीता जी सहित वनवास की ओर गमन करते हैं। वनवास गमन के दौरान गंगा पार कराने की एवज में मल्लाह केवट को सीता जी अपनी अंगूठी देना चाहती हैं तो केवट इंकार कर देता है और राम जी से गंगा पार कराने के किराए के रूप में स्वयं को भवसागर पार कराने का वायदा मांगता है, जिसे राम जी सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। केवट राम जी के पैर पखारता है और उनको अपनी जर्जर नाव से गंगा पार कराता है। उधर अयोध्या में दशरथ, राम जी के वियोग में प्राण त्याग देते हैं। पूरी अयोध्या नगरी में शोक की लहर दौड़ जाती है।


रेवाड़ी। रामलीला में प्रस्तुती देते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

### दर्शकों को भाव विभोर किया

लीला में राजेश पंवार ने दशरथ, ललित सैनी ने राम, रूपेश ने सीता, हिमांशु गुप्ता ने लक्ष्मण, विजय पंवार ने सुमंत, भारत भूषण कश्यप ने केवट, लवली सोनी ने कैकई व संजय सैनी ने कौशल्या का जीवंत अभिनय कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। गीत संगीत से सजी आज की रामलीला का संगीत निर्देशन श्रीपति सिंह शेखावत ने किया। रामलीला के सफल आयोजन में मुख्य संरक्षक अशोक शर्मा, नरेंद्र शर्मा, करण गुप्ता, अमित कश्यप, सुनील भटनागर, मनीष, संजय सैनी, वैभव शर्मा आदि का भरपूर सहयोग रहा।

---

## राज इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा का एमएनएस में चयन



**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा यशिका पुत्री श्री कमर सिंह का चयन प्रतिष्ठित मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में हुआ है। छात्रा यशिका को ऑर्मी नर्सिंग कॉलेज में चार वर्षीय प्रशिक्षण के लिए प्रवेश मिला है। स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। छात्र आदर्श, अर्पिता, दिव्यांशु, अभिमन्यु, सत्या सिंह, गरिमा, तनिषा व प्रिंस को विद्यालय के चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमन्त सैनी और प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार ने शुभकामनाएं दी। उन्हें टैब और उपहार देकर पुरस्कृत किया।

---

**मंचन** | ड्रामेटिक क्लब की रामलीला का जमकर लुत्फ उठा रहे दर्शक

### पं. मोहनलाल ने मंत्रोच्चारण व पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ कराया

# भरत को देखकर प्रफुल्लित हुए भगवान श्रीराम भाई को अयोध्या लौटने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे कालोनी में श्रीराम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से चल रही रामलीला का शुक्रवार की रात धर्मेंद्र यादव और मुकेश बाला ने शुभारंभ किया। पं. मोहनलाल ने मंत्रोच्चारण व पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ कराया। केके सक्सेना के निर्देशन में चल रही रामलीला के मंचन में वनवास का पता चलने के बाद भरत का श्रीराम से मिलने के लिए चित्रकूट जाते हैं, जिन्हें देखकर श्रीराम प्रफुल्लित हो जाते हैं। श्रीराम भरत को अयोध्या लौटने का आदेश देते हैं। मंचन में कलाकारों ने भरत के कैकईपुर से अयोध्या पहुंचने के दृश्यों को मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। रामलीला में भरत को अयोध्या पहुंचने पर जब इस बात का पता चलता है कि महाराज दशरथ स्वर्ग सिधार गए हैं और प्रभु श्रीराम सीता माता व लक्ष्मण के साथ वनवास को चले गए हैं, तो उनका मन विचलित हो जाता है। भाई को वनवास के लिए वह अपनी मां को दोषी मानते हुए उनकी ओर से मांगा गया भरत के लिए सिंहासन स्वीकार नहीं करते। वह श्रीराम से मिलने के लिए चित्रकूट के लिए निकल पड़ते हैं।



रेवाड़ी। रामलीला में प्रस्तुती देते हुए कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

### पंचवटी जाने के दृश्यों का मंचन

प्रभु राम सीता य लक्ष्मन चित्रकूट से पंचवटी को चले जाते हैं। यहां उनकी मुलाकात स्वरूपनखा से होती है, जो प्रभु राम को विवाह करने के लिए डर दिखाती है। उस पर क्रोधित होकर लक्ष्मन उस की नाक काट देते हैं। जब वह खरदूषण को बताती है, तो वह युद्ध के लिए आते हैं। इसी दौरान खरदूषण का वध हो जाता है। राव को जब इस बात का पता चलता है, तो वह भी श्रीराम से युद्ध करने के लिए रणनीति बनाता है।

### इन कलाकरों ने किया अभिनय

रामलीला में भरत-सागर, शत्रुघन-नवीन, राम-दिवेश शर्मा, लक्ष्मन-मोहित यादव, सीता-प्रिंस, कैकई-जितेश, मेधनाथ-ब्रिजेश शर्मा, कौशिल्या नरेन्द्र गोयल, सुमित्रा संजय सौनी, सुमन्त-रोहित, गुरू वाशिष्ठ-रोशन लाल, स्वरूपनखा-मुकेश भारद्वाज, रवर-निरिवल रौहिल्ला, दूषण-जितेश रावशा-उमेश शर्मा, मंथरा मेहर चन्द, राजा जगदीश शर्मा, महेश कुमार, भगत, लक्ष्य शर्मा आदि ने अभिनय किया। दर्शकों ने उनके अभिनय को तालियों की गूंज से जमकर सराहा।